तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 कारगिल के वीरों को दी श्रद्धांजलि, विद्यार्थियों ने ली राष्ट्रसेवा ...



10 साइबर हाईजीन, सुरक्षित डिजिटल ...



# संगठन की मजबूती पर कांग्रेस का मंथन, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आह्वान

## राजीव भवन में ब्लॉक व शहर कांग्रेस की संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारी और जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस की रणनीति तय करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने की।

बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और जनता के बीच पार्टी की पहुंच को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता की आवाज को बुलंद करने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्षरत रही है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की विचारधारा और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने का माध्यम है। आने वाले समय में कांग्रेस किसानों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों और समाज के वंचित वर्गों से जुड़े मुद्दों को लेकर और अधिक मजबूती से संघर्ष करेगी। बैठक को संबोधित करते हुए विजय जांगिड़ ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने, जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने तथा कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का ▶▶| शेष पेज 10 पर



### जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी

कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण से ही संगठन मजबूत होता है और जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करना कांग्रेस की पहचान है। बैठक के अंत में जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के हितों और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन की मजबूती के बल पर पार्टी जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरते हुए जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करती रहेगी। बैठक में प्रांजल तिवारी, दिनेश पटेल, मिथलेश वर्मा, लुकेश वर्मा, सनतधर दीवान, अनिल दुबे, संजय वर्मा, किशुन वर्मा, शिव कुमार वर्मा, चंद्रप्रकाश शीतलानी, ध्रुव गुप्ता, सीताराम यद्दु, रवि गुप्ता, मोहित वर्मा, प्रकाश ठाकुर, रोमन वर्मा, दुर्गा प्रसाद तिवारी, प्रताप साहू, योगिता साहू, रूबी सलूजा, हेमीन यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भाजयुमो का सदस्यता अभियान तेज, नवागढ़ विधानसभा में 20 हजार युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य

**नांदघाट।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत कृषि स्थायी समिति के सभापति अंजय बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल चुनावी संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय जागरूकता के लिए निरंतर कार्य करती है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता युवा मोर्चा का सदस्यता अभियान जोर-शोर से चल रहा है और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 20 हजार युवाओं को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने बताया कि अभियान का शुभारंभ मोहतरा स्थित श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ किया गया। नवागढ़ मंडल के सभी 18 शक्ति केंद्रों में बैठकें आयोजित हो चुकी हैं और अब बूथ स्तर तक संगठन के कार्यक्रम पहुंचाए जा रहे हैं। अंजय बघेल ने कहा कि प्रदेश मंत्री हर्षिता पांडेय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजय साहू तथा कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल के मार्गदर्शन में संगठन सक्रियता से कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पौधारोपण, तिरंगा यात्रा और संत रविदास की 650वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### नशीली दवाओं के साथ 3 पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** नशीली दवाओं के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में नशे की दवा बरामद किया गया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि छावनी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि पावर हाउस परिसर में कुछ युवक प्रतिबंधित नशीली दवाई को बेचने की जानकारी मिली। टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ा गया। जहां से शर्मा कॉलोनी, मिलन चौक के पास, कैम्प-2 कमल थापा, ढोलक पारा, न्यू गणेश चौक कैम्प 2 प्रदीप साहू, शारदा पारा, कैम्प-2 शहनवाज आलम उर्फ बिन्नी को पकड़ा गया। उनके पास से पुलिस ने 500 नशीली दवा, नशीली टैबलेट जब्त किया गया। जिसकी कीमत दो लाख रुपए की आंकी गई है।

### फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी, गिरफ्तार

**भिलाई।** एआई से एडिट कर महिला का फोटो बनाकर उससे रकम का डिमांड करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी पुलिस थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि साम्या खान ने पुलिस में लिखित शिकायत किया। जिसमें मोबाइल नंबर का उपयोग कर सतनामी पारा, ठेंगाभाट, थाना धमधा निवासी रविन्द्र भारती ने 5 लाख रुपए का डिमांड करने लगा। आरोपी ने महिला को धमकी देकर कहा कि महिला के पति को जान से मार देगा। एआई तकनीक का उपयोग कर महिला के फोटो को एडिट कर सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर वायरल करने की भी धमकी दी

भाजपा की समन्वय बैठक, मंत्री दयाल दास बघेल ने जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों को दिया संवाद

# सत्ता-संगठन के मजबूत तालमेल से तेज होगी जनसेवा योजनाओं का लाभ पहुंचेगा अंतिम व्यक्ति तक : दयाल दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा सत्ता और संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण समन्वय बैठक सोमवार को बेमेतरा स्थित रेस्ट हाउस में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने स्पष्ट कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत और समर्पित संगठन है। सरकार और संगठन के बीच जितना बेहतर तालमेल होगा, उतनी ही तेजी से विकास कार्य आगे बढ़ेंगे और जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान संभव हो सकेगा।

बैठक में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, भाजपा जिला प्रभारी हर्षिता पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित जिले के जनप्रतिनिधि, संगठन के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनता से निरंतर संवाद बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मंथन किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि भाजपा की पहचान केवल एक राजनीतिक दल के रूप में नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण की विचारधारा वाले संगठन के रूप में है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता की समस्याओं की जानकारी समय पर सरकार तक पहुंचे और उनका त्वरित निराकरण हो, यही सत्ता और संगठन के समन्वय का मूल उद्देश्य है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से नियमित संवाद, सक्रिय जनसंपर्क और आपसी समन्वय बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।

बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहा कि संगठन और जनप्रतिनिधि एक-दूसरे के पूरक हैं। संगठन से प्राप्त सुझावों और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी तथा जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। भाजपा जिला प्रभारी ▶▶| शेष पेज 10 पर

### सत्ता और संगठन के बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को नई गति मिलती

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि सत्ता और संगठन के बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को नई गति मिलती है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका सरकार की जनकल्याणकारी सोच के अनुरूप स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, नगर विकास तथा नागरिक समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की रणनीति, बूथ स्तर तक संवाद को मजबूत बनाने, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के शीघ्र निराकरण तथा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। अंत में सभी जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने सत्ता और संगठन के बीच निरंतर समन्वय बनाए रखते हुए जनसेवा के संकल्प को और मजबूत करने तथा भाजपा की संगठनात्मक शक्ति को गांव-गांव तक सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया।

# एक साल में ही एसडीओपी कार्यालय भवन में दरारें, 41 लाख के निर्माण पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

लिमाही चौक पर लगभग एक वर्ष पूर्व 41 लाख रुपये की लागत से निर्मित पुलिस अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) कार्यालय की इमारत में गहरी दरारें उभर आने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार कराए गए इस भवन की दीवारों में आई दरारों ने विभागीय कार्यप्रणाली और निर्माण एजेंसी की जवाबदेही को कटघरे में ला दिया है। जानकारी के अनुसार, पुराने और जर्जर कार्यालय के स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नया एसडीओपी कार्यालय बनाया गया था, जहां साजा, बेरला और परपोड़ी थानों के साथ कण्डरका एवं देवकर पुलिस चौकियों से जुड़े प्रशासनिक कार्य और महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की जाती हैं।

लेकिन भवन के उद्घाटन के महज एक वर्ष के भीतर ही सामने और विभिन्न कमरों की दीवारों में चौड़ी दरारें दिखाई देने लगी हैं। भवन की मौजूदा स्थिति को लेकर यहां पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों में भी चिंता का माहौल है। सरकारी राशि से निर्मित इस भवन की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों ने भी सवाल उठाए हैं और पूरे मामले की निष्पक्ष तकनीकी जांच की मांग की है। मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन की कार्यपालन अभियंता, दुर्ग एसडीओ तथा बेमेतरा के उप अभियंता की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



■ दीवारों में आई चौड़ी दरारों से गुणवत्ता पर सवाल, तकनीकी जांच और जिम्मेदारी तय करने की मांग

इस चुप्पी से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि एक वर्ष के भीतर ही भवन की दीवारों में दरारें आने लगी हैं तो इसकी तकनीकी जांच कर दोषी अधिकारियों, इंजीनियरों और निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि उच्च अधिकारी मामले का संज्ञान लेकर जांच और कार्रवाई करते हैं या नहीं।

# राजस्व अमले को बंधक बनाने के मामले में कार्रवाई थान खम्हरिया के तहसीलदार और नायब तहसीलदार हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

तहसील क्षेत्र के ग्राम पदमी में राजस्व अमले को बंधक बनाए जाने की घटना के बाद जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने मामले की समीक्षा करते हुए थान खम्हरिया की तहसीलदार सरिता मढरिया और नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

■ राजस्व अमले को रोकने के मामले में ग्रामीणों पर एफआईआर

वहीं, भू-अभिलेख अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को थान खम्हरिया का नया तहसीलदार नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को तहसीलदार सरिता मढरिया, नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने और ग्रामीणों की शिकायतों के निराकरण के लिए ग्राम पदमी पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों के साथ विवाद की स्थिति बन गई। आरोप है कि नाराज ग्रामीणों ने कुछ समय के लिए राजस्व अमले को गांव में ही रोक लिया। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति सामान्य हुई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने रविवार को पूरी घटना की समीक्षा की। प्रशासन का मानना है कि शासकीय कार्य के दौरान पर्याप्त तैयारी और समन्वय के अभाव में यह स्थिति निर्मित हुई, जिसके चलते संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की गई।

### आशुतोष गुप्ता को मिली जिम्मेदारी

कलेक्टर के आदेश के अनुसार सरिता मढरिया को भू-आभिलेख शाखा बेमेतरा में पदस्थ किया गया है, जबकि मोरध्वज साहू को देवकर तहसील का तहसीलदार बनाया गया है। रिक्त पद पर भू-अभिलेख अधीक्षक आशुतोष गुप्ता को थान खम्हरिया का नया तहसीलदार नियुक्त किया गया है। उनसे लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर बनाने की अपेक्षा की जा रही है।

### ग्रामीणों पर एफआईआर विधायक से मिले ग्रामीण

इधर, पदमी घटना के संबंध में पुलिस ने कुछ ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसके विरोध में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू से मिले और अपनी बात रखी। ग्रामीणों ने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए अपना पक्ष भी रखा।

### प्रशासन-जनता के बीच विश्वास बहाली होगी चुनौती

पदमी की घटना ने एक बार फिर राजस्व मामलों में संवेदनशीलता, संवाद और पर्याप्त तैयारी की आवश्यकता को रेखांकित किया है। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अब नए तहसीलदार आशुतोष गुप्ता के सामने सबसे बड़ी चुनौती जनता और प्रशासन के बीच विश्वास बहाल करने के साथ लंबित राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण करना होगी।

# स्थायी वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में किया गया पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले की बेरला थाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंट की तामील करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरण में फरार स्थायी वारंटी रहीम



खान (30 वर्ष) पिता मुराद खान, निवासी ग्राम सरदा, थाना बेरला, जिला बेमेतरा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में स्थायी वारंट की तामील के बाद प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बेरला उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रधान आरक्षक दीनानाथ यादव, आरक्षक संजय पाटिल, भावेश गोस्वामी सहित थाना बेरला के पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।




## साइकिल केवल साधन नहीं, बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव

# 253 छात्राओं को मिली सरस्वती साइकिल, विधायक दीपेश साहू ने किया वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने और विद्यालय में उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, बेमेतरा में सोमवार को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू ने कक्षा नवमी की 253 पात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद बेमेतरा के अध्यक्ष विजय सिन्हा ने की। विशेष अतिथि के रूप में युगल देवांगन, पार्षद पंचू साहू तथा प्रेमलता उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों की छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि साइकिल केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि बेटियों के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। शिक्षित बेटी परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत आधारशिला होती है। उन्होंने छात्राओं से नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्राओं की शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी और विद्यालय आने-जाने की परेशानी दूर होगी। साइकिल मिलने के बाद छात्राओं के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्य कविता बाजपेयी के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।



कार्यक्रम का संचालन प्रमोद ठाकुर ने किया, जबकि अंत में आराधना जोसेफ ने अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, पालकों, शिक्षकों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# साइबर हाईजीन, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग समय की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के विशेष निगरानीकर्ता कन्हैया त्रिपाठी ने कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान छात्रावास का अवलोकन किया। साथ ही व्यापक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक विश्वविद्यालय में मानवाधिकार सेल गठित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में मानवाधिकारों के संरक्षण के साथ-साथ लैंगिक समानता, साइबर सुरक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व को संस्थागत रूप से बढ़ावा देने के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। मानवाधिकार जागरुकता एवं संवाद कार्यक्रम में त्रिपाठी ने कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह, कुलसचिव, अधिष्ठाताओं, निदेशकों तथा एंटी रैगिंग समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की। बैठक में विद्यार्थियों के अधिकारों की सुरक्षा, शिकायत निवारण व्यवस्था तथा परिसर में सुरक्षित और संवेदनशील शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। त्रिपाठी ने कहा कि डिजिटल दौर में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में छात्र-छात्राओं को साइबर हाइजीन, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना समय की मांग है। उन्होंने विश्वविद्यालय में समय-समय पर साइबर अपराध, लैंगिक समानता और मानवाधिकार विषयक संगोष्ठियां एवं कार्यशालाएं आयोजित करने की भी सलाह दी।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के निगरानीकर्ता कन्हैया त्रिपाठी ने किया कामधेनु यूनिवर्सिटी का निरीक्षण

### स्टूडेंट्स से पूछी समस्याएं, संवाद के लिए किया प्रेरित

त्रिपाठी ने विश्वविद्यालय के छात्रावासों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी प्राप्त की। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत अंजोरा और बिलासपुर में दो पशु चिकित्सा महाविद्यालय, कवर्धा में मात्स्यिकी महाविद्यालय, रायपुर में डेयरी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तथा सात पॉलीटेक्निक संचालित हैं। यहां स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएचडी एवं डिप्लोमा स्तर पर पशु चिकित्सा, डेयरी एवं मात्स्यिकी विषयों की पढ़ाई कराई जाती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों, मानवीय गरिमा और सामाजिक उत्तरदायित्वों के विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम है।



### मानव अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पढ़ाया पाठ

इस अवसर पर विद्यार्थियों को मानव अधिकारों से जुड़ी जानकारी दी गई। साथ ही उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना भी विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। निरीक्षण एवं संवाद कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के निदेशकगण, कुलसचिव, अधिष्ठाता, जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों में मानवाधिकारों, लैंगिक समानता, साइबर सुरक्षा तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। इस दौरान मानव अधिकारों को लेकर अलग से सेल गठन सुनिश्चित करने के सुझाव दिए गए।

## खबर संक्षेप



### द्रोण को शा. अभिभाषक का अतिरिक्त प्रभार

**दुर्ग।** शासकीय अभिभाषकय/लोक अभियोजक मेघेश्वर दिल्लीवार दुर्ग की आयु 62 वर्ष होने के कारण वे सेवामुक्त हो गए हैं। उनकी जगह शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक की नियुक्ति होने तक विशेष लोक अभियोजक द्रोण कुमार ताम्रकार को अपने कार्य के साथ शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक दुर्ग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उन्हें उपरोक्त अतिरिक्त कार्य हेतु पैरवी शुल्क नियमानुसार देय होगी, किन्तु रिटेनर फीस उन्हें उनके मूल पद विशेष लोक अभियोजक का ही देय होगा। द्रोण कुमार ताम्रकार की नियुक्ति पर लोक अभियोजकों और जिले के अधिवक्ताओं ने बधाई दी है। उनका सम्मान भी किया गया।

### हर्ष हिंद बने यादव मित्र कल्याण संघ के अध्यक्ष

**दुर्ग।** सर्व यादव समाज द्वारा संचालित यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के वर्तमान अध्यक्ष कमलेश यादव ने पारिवारिक कारणों से पद छोड़ दिया है। उनकी जगह हर्ष हिन्द यादव को अध्यक्ष बनाया गया है। बैठक के दौरान इसकी घोषणा की गई। यादव समाज के गहिरा गुरु राजेश यादव, रामानंद यादव, गोवर्धन यादव, राकेश यादव, बृजेश कुमार यादव, उमराव यादव, शिबू यादव, कमलेश यादव, भागवत यादव ने उन्हें बधाई दी है। गहिरा गुरु ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगभग 40 लाख यादवों निवासरत हैं। बैठक में करुणा यादव, वर्षा रितु यादव, त्रिवेणी यादव, दीपाली यादव, मीना यादव सहित अन्य उपस्थित थे।



### विनोद बने बसपा के अध्यक्ष

**भिलाई।** प्रदेश अध्यक्ष बसपा श्याम टंडन और प्रदेश प्रभारी दाऊराम रत्नाकर की उपस्थिति में आयोजित बैठक में विनोद वासनिक को बहुजन समाज पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर अशोक लोखंडे, विजय प्रताप कश्यप, अमित गेंडे, मुकेश महिलांगे, भाग चन्द पटेल, संतोष बंजारे, हीरालाल टंडन, नागेश्वर कोसले, दिलीप साहू, देवधर चन्द्राकर सहित अन्य मौजूद थे। सभी ने नियुक्ति पर बधाई दी।



## व्यापारिक संगठनों ने प्रशासन और निगम के सामने रखी समस्या

# इंदिरा मार्केट के एंट्री पॉइंट में अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से बन रहे ट्रैफिक जाम के हालात

### प्रशासन और निगम के संयुक्त निरीक्षण के बाद सुधार का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

शहर का इंदिरा मार्केट ट्रैफिक दबाव का हॉट स्पॉट बनते जा रहा है। बेतरतीब पार्किंग और सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों की वजह से समस्या और बढ़ रही है। इस बीच इंदिरा मार्केट के सभी प्रमुख प्रवेश द्वार अतिक्रमण की चपेट में हैं। इसके कारण समस्या विकराल रूप ले रही है। स्थानीय व्यापारियों ने परेशान होकर इसकी शिकायत नगर निगम दुर्ग और कलेक्टर से की है। इसके बाद व्यापारिक संगठन, दुर्ग निगम और प्रशासन की टीम ने पुलिस के साथ स्थल का निरीक्षण किया। व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह को समस्या से अवगत कराया। इसके बाद डिप्टी कलेक्टर प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी सहित ट्रैफिक पुलिस, व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान बाजार की वर्तमान व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए व्यापारियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। व्यापारियों ने बताया कि इंदिरा मार्केट के विभिन्न प्रवेश द्वारों पर अघोषित रूप से वाहन, ठेले एवं अन्य सामग्री खड़ी रहने से ग्राहकों एवं आम नागरिकों की आवाजाही प्रभावित होती है। बाजार में आने-जाने में असुविधा होने के कारण व्यापार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। व्यापारियों ने मांग की कि सभी प्रवेश मार्गों को बाधा मुक्त रखा जाए तथा अव्यवस्थित रूप से व्यवसाय कर रहे ठेलों एवं अनलोडिंग के बाद लंबे समय तक खड़े रहने वाले वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए।



### अनलोडिंग के बाद भी मौके पर खड़े रहते हैं वाहन

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बाजार की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस दौरान सहमति बनी कि इंदिरा मार्केट के सभी प्रवेश द्वारों को सुगम एवं व्यवस्थित रखा जाएगा। अनलोडिंग कार्य पूर्ण होने के बाद अनावश्यक रूप से खड़े रहने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही व्यापारियों से भी अपील की गई कि वे अपने निजी वाहनों को दुकान के सामने खड़ा करने के बजाय निर्धारित पार्किंग स्थल में ही रखें, ताकि बाजार में यातायात सुचारु बना रहे। डिप्टी कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाजार क्षेत्र में नियमित निगरानी रखी जाए तथा यातायात और व्यापारिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अतिक्रमण एवं अव्यवस्थित पार्किंग पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### हर दिन बन रही जाम की स्थित वैकल्पिक इंतजाम नहीं

मार्केट में ट्रैफिक जाम की समस्या लगातार बढ़ते जा रही है। पुराना बस स्टैंड में आयोजित होने वाले कार्यक्रम, रैलियां, जुलूस की वजह से इंदिरा मार्केट की ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही है। वाहन घंटों मौके पर फंसे रह जा रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने से समस्या और भी बढ़ जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन और व्यापारियों के आपसी समन्वय से इंदिरा मार्केट को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाया जाएगा, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान व्यापारी संघ के पदाधिकारी, कोतवाली थाना प्रभारी, ट्रैफिक पुलिस एवं नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम दुर्ग के नामांकित 9 एल्डरमैन का शपथ ग्रहण 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

पिछले दिनों शासन द्वारा नामांकित नगर निगम दुर्ग के 9 एल्डरमैन का शपथ ग्रहण समारोह 30 जुलाई को शाम 5 बजे मोतीलाल वोरा सभागार नगर निगम दुर्ग में आयोजित है। कार्यक्रम में शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव मुख्य रूप से शामिल होंगे। उनके अलावा सांसद विजय बघेल, महापौर अल्का बाघमार, सभापति राजेश शर्मा सहित सभी पार्षद और निगम के अधिकारी मौजूद रहेंगे। बता दें कि शासन ने पिछले दिनों दुर्ग जिले के 7 निकायों के लिए एल्डरमैन की नियुक्ति आदेश जारी किया था। लंबे समय से अटकी इस प्रक्रिया के पूरे होने का इंतजार था। आगामी दिनों में निकाय चुनाव होने हैं। इसमें रिसाली, भिलाई, भिलाई-चरोदा और जामुल निकाय में वार्ड चुनाव होने हैं। इस बीच एल्डरमैन की नियुक्तियों को काफी अहम माना जा रहा है। नगरीय प्रशासन ने जारी आदेश में दुर्ग से 9 एल्डरमैन की नियुक्ति की गई है। दुर्ग निगम क्षेत्र में खास बात यह है कि दो पूर्व पार्षदों को भी मौका दिया गया है। उनमें चमेली साहू और नरेश तेजवानी प्रमुख हैं। नरेश तेजवानी एक बार पार्षद और दो बार पहले भी एल्डरमैन रह चुके हैं। ये दोनों लंबे समय से भाजपा की राजनीति से जुड़े हुए हैं। पिछले निकाय चुनाव में उनकी टिकट कट गई थी। इसे देखते हुए पार्टी ने उन्हें पुनः निगम की राजनीति और जनता के हितों के लिए काम करने का मौका दिया है। उनके अलावा मदन बढ़ई, अनूप सोनी, तुलसी यादव, दशरथ निर्मलकर, गौरव शर्मा, तेखन सिन्हा, कांतिलाल जैन को भी मौका दिया गया है। एल्डरमैन की नियुक्ति के साथ ही निकायों में भाजपा की ताकत पहले से और अधिक बढ़ गई है। सदन में उनके सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। दुर्ग निगम में पहले जहां 40 भाजपा समर्थित सदस्य थे। अब 9 जुड़कर 49 हो गए हैं। वर्तमान में निगम में कांग्रेस के 12 और 8 निर्दलीय पार्षद हैं।



### जिले के 6 अन्य निकायों में भी की गई नियुक्ति

जिले के 6 अन्य निकायों में भी नियुक्तियां की गई हैं। कुम्हारी से मनहरण साहू, गोल्डी गोस्वामी, सुनीता कुर्रे, अवधेश शुक्ला, प्रणव श्रीवास्तव, अमलेश्वर से सुनील शर्मा, भारती यादव, लक्ष्मी देवांगन, हीरालाल साहू, रामाधार साहू, धमधा से उदयकांत पटेल, मन्नूलाल महोबिया, अजय मिश्रा, पाटन से दमोदर चक्रधारी, प्रकाश बिजौरा, गंगा प्रसाद देवांगन, उतई से शशि वर्मा, चेतन साहू, चंदू देवांगन, अहिवारा से लक्ष्मण क्षत्री, पुनिता राउत, ममता जंघेल, शिव शंकर कश्यप, नंद कुमार यादव को नियुक्त किया गया है। इन सभी का शपथ ग्रहण जल्द होना है।

# प्रदेश संगठन महामंत्री पवन ने ली बूथ कार्यकर्ताओं की बैठक, संगठन सशक्तीकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड के सामूहिक श्रवण के बाद भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा वैशाली नगर विधानसभा के जुनवानी स्थित शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद नर्सिंग कॉलेज में बूथ कार्यकर्ताओं और संगठन पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया।

- भिलाई में 700 से अधिक कार्यकर्ता हुए शामिल



बैठक को संबोधित करते हुए पवन साय ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित बूथ कार्यकर्ता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान तेज करने, नए मतदाताओं से संवाद स्थापित करने, केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से नियमित संपर्क बनाए रखने तथा सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम को अनुशासन, समर्पण और टीम भावना के साथ सफल बनाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। बूथ बैठकों, सदस्यता विस्तार अभियान, सेवा गतिविधियों और जनसंपर्क कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में दुर्ग संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी रामजी भारती, छत्तीसगढ़ खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन सहित प्रदेश, जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए बूथ समितियों के सुदृढ़ीकरण, शक्ति केंद्रों की सक्रियता और आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए समयबद्ध और अनुशासित ढंग से कार्य करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि भाजपा जिला भिलाई के सभी 13 मंडलों के बूथों पर मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। जुनवानी में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में 700 से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए, जबकि जामुल मंडल में अहिवारा विधायक डोमन लाल कोसेवाड़ा और जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे के नेतृत्व में 500 से अधिक कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम सुना। जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर में भी 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

# हाउसिंग बोर्ड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

जिला भाजपा संगठन अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा हाउसिंग बोर्ड स्थित बूथ 183 वार्ड 21 कैलाश नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 138वीं कड़ी का सामूहिक श्रवण किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं दुर्ग संभाग प्रभारी दिनेश देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिलाई जिला झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज तिवारी ने की। इस अवसर पर प्रदेश भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य अमित मिश्रा, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य दिनेश मिश्रा, प्रदेश एनजीओ प्रकोष्ठ कार्यसमिति सदस्य राजेश सिंह, जिला सह संयोजक रामानुज प्रसाद, प्रेमचंद गिरी, अजय उपाध्याय, मातृशक्ति श्रीमती मीना गिरी, शिव यादव, अर्जुन साहू, अरविंद पांडे, मनीष सिंह, धर्मेंद्र पांडे, रंजीत सोनी, अविनाश कुमार धीरज, दीपक सिंह,संजय शर्मा,उत्तम साहू,चंदन शर्मा, के. संजू तथा मातृशक्ति श्रीमती पुनीत बाई सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दिनेश देवांगन ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समाज के प्रेरणादायी व्यक्तित्वों, नवाचारों और जनभागीदारी के उत्कृष्ट कार्यों को देश के सामने लाकर प्रत्येक नागरिक को सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता के लिए प्रेरित करते हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इन संदेशों को हर बस्ती और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य अमित मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार युवाओं को नवाचार, डिजिटल सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने युवाओं से समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील की।




# जंतर-मंतर दिल्ली में मीडिया कर्मियों के साथ हुए दुर्व्यवहार की निंदा

**दुर्ग।** जंतर-मंतर दिल्ली में पत्रकारों और मीडिया कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार और सुनियोजित ढंग से निशाना बनाए जाने और मारपीट की दुर्ग प्रेस क्लब ने निंदा की है।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण मिश्रा और सदस्यों ने कहा कि प्रदर्शन की कवरेज कर रहे पत्रकारों पर हमला, उनके साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार, समाचार संकलन में बाधा उत्पन्न करना तथा भय का वातावरण बनाना लोकतांत्रिक मूल्यों, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और स्वतंत्र पत्रकारिता पर सीधा हमला है। किसी भी परिस्थिति में पत्रकारों के साथ इस प्रकार की हिंसा स्वीकार्य नहीं हो सकती। दुर्ग प्रेस क्लब ने मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में कवरेज के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए।

यह सभा स्पष्ट करती है कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं। उनके साथ किसी भी प्रकार की हिंसा, धमकी या उत्पीड़न पूरे लोकतांत्रिक तंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय है। दुर्ग प्रेस क्लब ने इस घटना की सर्वसम्मति से निंदा करते हुए पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और निर्भीक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की मांग करता है तथा देशभर के पत्रकार संगठनों से इस मुद्दे पर एकजुट होकर आवाज उठाने की मांग की है। साथ ही शासन-प्रशासन से अपील की है कि ऐसी घटना न हो, इसके लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

घटना की पत्रकारों में राजेंद्र ठाकुर, प्रकाश जैन, अजय जाधव, सतीश वर्मा, संतोष मिश्रा, पुनित कौशिक, देवीलाल साहू, धनेंद्र सिंह चंदेल, दीपक खडतकर, अतुल अग्रवाल, पवन देवांगन, हेमंत कपूर, महेंद्र साहू, रोमशंकर यादव, चंद्र शेखर पवार, आशीष ठाकुर, घनश्याम भारद्वाज, ज्वाला प्रसाद अग्रवाल, वीणा दुबे, पुरेंद्र देशमुख, दीपक राजपूत, हामिद खान, सुमित गुप्ता सहित अन्य ने भी निंदा की है।

## सेवा सेतु पोर्टल बना जनसुविधाओं का सशक्त माध्यम

# ऑनलाइन बनेंगे जन्म-मृत्यु, पंजीकरण, गुमास्ता लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रशासनिक सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं जनसुलभ बनाने के उद्देश्य से विकसित सेवा सेतु पोर्टल नागरिकों के लिए शासकीय सेवाओं का सशक्त डिजिटल माध्यम बनकर उभरा है। इस अभिनव पहल के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं अब एक ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिक घर बैठे विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा निर्धारित समय-सीमा में सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इससे शासन की सेवाओं में पारदर्शिता, सुगमता और जवाबदेही सुनिश्चित होने के साथ-साथ आमजन का समय एवं आर्थिक संसाधनों की भी बचत होगी।

- एक प्लेटफार्म में सारी सुविधा उपलब्ध

### इन प्रमुख सेवाओं का मिलेगा लाभ

सेवा सेतु पोर्टल पर जन्म प्रमाण पत्र सुधार एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सुधार की सुविधा 7 दिवस, विवाह प्रमाण पत्र सुधार तथा विवाह पंजीकरण एवं प्रमाण पत्र 15 दिवस, व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) 15 दिवस, नल कनेक्शन हेतु आवेदन 30 दिवस तथा नगर पालिका क्षेत्र में संपत्ति नामांतरण की सुविधा 30 दिवस की समय-सीमा में उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा विभिन्न विभागों से संबंधित अन्य शासकीय सेवाएं भी पोर्टल पर क्रमबद्ध रूप से उपलब्ध हैं। डिजिटल सेवाओं से आमजन को बड़ी राहत सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिक अब अपने आवेदन की जानकारी एवं उसकी प्रगति भी ऑनलाइन देख सकेंगे।




### निगम दफ्तर के बार-बार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे

डिजिटल सेवाओं के विस्तार से नगर निगम क्षेत्र सहित आसपास के नागरिकों को बार-बार कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आवागमन पर होने वाला अनावश्यक खर्च भी कम होगा।नगर निगम दुर्ग नागरिकों से अपील करता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सेवा सेतु पोर्टल का उपयोग कर शासन की डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाएं तथा पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाओं का लाभ प्राप्त करें।

## खबर संक्षेप



### कारगिल विजय दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम

**अंडा।** स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय, निकुम में शनिवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भाषण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक प्राध्यापक (वनस्पति शास्त्र) अन्नपूर्णा यादव ने कारगिल विजय दिवस की पृष्ठभूमि, ऑपरेशन विजय, स्वतंत्रता के बाद भारत-पाकिस्तान के राजनीतिक संबंधों तथा ऐतिहासिक परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी) वेद प्रकाश ठाकुर ने कहा कि देश और समाज के हित में कार्य करने के लिए हमें अपनी आंतरिक कमजोरियों को दूर करना होगा। सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) पूजा अग्रवाल ने कारगिल विजय दिवस से देशवासियों को मिलने वाली प्रेरणाओं और सीख पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य डॉ. डी. के. बैलेंद्र ने विद्यार्थियों से इतिहास की घटनाओं से प्रेरणा लेकर भविष्य के निर्माण के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अन्नपूर्णा यादव ने किया। इस अवसर पर डॉ. सीमा जायसवाल, अंजू रानी ठाकुर, डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा, डॉ. शिप्पी देवांगन सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नेवता भोज कराया

**अण्डा।** जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला भोथली में स्नेह एवं सेवा भाव के साथ नेवता भोज का आयोजन किया गया।

### रामकथा संगोष्ठी व गुरु-सम्मान समारोह 2 को

**अंडा।** श्री मानस सुधा परिवार, जिला दुर्ग के तत्वावधान में चतुर्थ वर्ष पर प्रथम मासिक श्री रामकथा संगोष्ठी एवं वरिष्ठ गुरुजनों के गुरु-सम्मान समारोह का आयोजन 2 अगस्त रविवार को गुरुवारी बाजार चौक मंचग्राम अण्डा में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9:30 बजे दीप प्रज्वलन से होगा। इसके बाद 9:45 बजे श्री साईं मानस परिवार अण्डा द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया जाएगा। सुबह 10:00 बजे श्री रामकथा संगोष्ठी में विद्वान वक्ता श्रीरामचरितमानस के आदर्शों एवं जीवन मूल्यों पर अपने विचार रखेंगे। दोपहर 12:30 बजे गुरु-सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें वरिष्ठ गुरुजनों का सम्मान किया जाएगा। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन के मुख्य आयोजक पं. महेन्द्र पाण्डेय एवं समस्त ग्रामवासी, ग्राम अण्डा हैं।

**आयोजन**

### पौधारोपण को उत्सव नहीं, जीवन का संस्कार बनाएं: डॉ. सौरव निर्वाणी

# वृद्ध सेवा धाम में एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ सेवा धाम के अध्यक्ष योगेश तिवारी के नेतृत्व में पर्यावरण और समाज सेवा का अनोखा संगम

वृद्धजन सेवा केंद्र 'मां गोदावरी आनंद वन सेवा धाम' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान से प्रेरित 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस अवसर पर धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने बेमेतरा के किसान नेता और समाज सेवी योगेश तिवारी के साथ पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया,कार्यक्रम में माँ गोदावरी सेवा धाम के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।



**पौधारोपण: मातृ-ऋण चुकाने का संकल्प**

पौधरोपण के उपरांत डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि यह अभियान भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा को दर्शाता है, जहां मां के प्रति कृतज्ञता और प्रकृति के प्रति दायित्व का अद्भुत संगम है,जैसे मां संतान का पालन करती है, वैसे ही वृक्ष मानवता को प्राणवायु और जीवन देते हैं,पौधरोपण केवल एक पर्यावरणीय कार्य नहीं, बल्कि मातृ-ऋण चुकाने का एक प्रतीकात्मक संकल्प है। उन्होंने आगे कहा कि हमें पौधारोपण को केवल एक आयोजन तक सीमित न रखकर जीवन का संस्कार बनाना होगा,यदि हर परिवार शुभ अवसरों पर पौधे लगाए और उनका संरक्षण करे, तो भारत पुनः हरित और समृद्ध बन सकता है। संवेदनशील और संस्कारित समाज का आंदोलन सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष योगेश तिवारी ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां और प्रकृति दोनों जीवनदायिनी हैं,यदि हम वृक्षों को परिवार का सदस्य मानकर उनका संरक्षण करें, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य का निर्माण होगा,यह पहल केवल पेड़ लगाने का अभियान नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज के निर्माण का आंदोलन है।

मातृ-पितृ सेवा की जीवंत मिसालः आनंद वन सेवा धाम डॉ. निर्वाणी ने योगेश तिवारी और उनकी टीम के सेवा कार्यों की संकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न राज्यों से आए वरिष्ठजनों की जिस आत्मीयता से सेवा की जा रही है, वह 'मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः' के आदर्श को चरितार्थ करती है,वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं, योगेश तिवारी अपने अभिभावकों की तरह देश भर से आए वरिष्ठ जनों की सेवा कर रहे हैं यह सभी के लिए अनुकरणीय है, अंत में उन्होंने नागरिकों से प्रकृति संरक्षण और वरिष्ठजनों की सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की।



## जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ने दाढ़ी और थानखामरिया शाखा का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने सोमवार को बैंक की दाढ़ी एवं थानखामरिया शाखा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बैंक में पहुंचे किसानों से सीधे संवाद कर बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और सेवाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान किसानों ने अध्यक्ष को बताया कि बैंक में ऋण एवं अन्य भुगतान समय पर किए जा रहे हैं तथा उन्हें आवश्यक बैंकिंग सुविधाएं सुगमता से मिल रही हैं। किसानों की प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त करते हुए अध्यक्ष ने शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि बैंक की सभी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाया जाए। इसके बाद उन्होंने संबंधित समिति प्रबंधकों से समितियों की व्यवस्थाओं, कृषि ऋण वितरण तथा खाद उपलब्धता की समीक्षा की। अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों की किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए और ऋण व खाद वितरण में किसी प्रकार की परेशानी न आने दी जाए। शाखा प्रबंधक ने बताया कि दाढ़ी शाखा के अंतर्गत कुल सात सहकारी समितियां संचालित हैं, जिनमें तीन नई समितियां शामिल हैं। नगद ऋण एवं खाद वितरण के लक्ष्य का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही सभी समितियों में किसानों की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण उपलब्ध है।

## सर्व ब्राह्मण समाज तहसील अध्यक्ष बने प्रभात शर्मा संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सर्व ब्राह्मण समाज की जिला कार्यालय में बेमेतरा तहसील गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अधिवक्ता प्रभात शर्मा को बेमेतरा तहसील सर्व ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष तथा रामानंद त्रिपाठी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा ने की। इस दौरान जिला महासचिव प्रदीप दुबे, डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी, जिला सचिव अशोक मिश्रा, परमेश्वर शर्मा, रमेश तिवारी, संजय शर्मा (बलौदी) तथा नगर महासचिव राजू दुबे सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जल्द से जल्द बेमेतरा तहसील कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया गया। समाज हित में न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक 25 गांवों पर एक पुरुष एवं एक महिला अपीलीय अधिकारी नियुक्त करने का प्रस्ताव रखा गया। इन पदों पर अधिवक्ता अथवा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्राथमिकता देने पर सहमति बनी। साथ ही प्रत्येक पांच गांवों के लिए एक परिक्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में आगामी माह से समाज की जनगणना अभियान प्रारंभ करने की तैयारी पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा बेमेतरा जिले के चारों विकासखंडों में तीसरे चरण के तहत नियुक्त किए जा रहे पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र 17 अगस्त को शाम 4 बजे नेवनारा स्थित चंडी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्र एवं राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी के हाथों वितरित किए जाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी नगर, तहसील, ब्लॉक एवं जिला अध्यक्षों से शीघ्र कार्यकारिणी गठन पूर्ण करने का आग्रह किया गया।

## शिक्षक सेमिनार, नवाचारी शिक्षण मॉडल एफएलएन गतिविधियों का हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड बेरला के सामुदायिक भवन में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय शिक्षक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में शिक्षकों ने कक्षा-कक्ष में किए जा रहे नवाचारों का पीपीटी, डेमो, फोटो और वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतीकरण कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को साझा किया।

कार्यक्रम में प्रधान पाठक अंबालिका पटेल, पुष्पा धीवर, रागिनी शर्मा, सैयद साबिर अली, कस्तूरी सिंह, योगेश कुमार निर्मलकर, दयाराम निषाद तथा लक्ष्मी साहू ने कहानी उत्सव, मुस्कान पुस्तकालय, इबारती सवाल, जनसहयोग आधारित गतिविधियों और बच्चों के सीखने के अनुभवों पर आधारित नवाचार प्रस्तुत किए। शिक्षण को रोचक बनाने के लिए पपेट शो का भी आयोजन किया गया। सेमिनार में पांच प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनमें बच्चों के रचनात्मक लेखन, एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) दक्षता विकसित करने के लिए तैयार शिक्षण-अधिगम सामग्री (टीएलएम) तथा अन्य नवाचारी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। पैनलिस्टों ने सवाल-जवाब के माध्यम से शिक्षण प्रक्रियाओं पर चर्चा करते हुए प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान हमर ब्लॉक-हमर सपना पहल के अंतर्गत विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) कमलेश कुमार निषाद ने पिछले वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी और इस वर्ष के लक्ष्य साझा किए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कहानी उत्सव के साथ कविता उत्सव, पढ़ने की घंटी और नियमित संकुल बैठकों पर विशेष जोर दिया जाएगा।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अधेश कुमार उइके थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में संकुल शैक्षिक समन्वयक सुरेंद्र कुमार पटेल एवं खिलेन्द्र कुमार साहू उपस्थित रहे। पैनलिस्ट के रूप में राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका केंवरा सेन, अमरप्रीत कौर, संगीता यादव, सागरिका यादव तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से नीरज, मोनिका, दीप्ती, राघवेंद्र और पवन ने सहभागिता की। अंत में सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### क्षत्रिय समाज ने मनाई डॉ. खूबचंद जयंती

**कुम्हारी।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज महिला ईकाई की ओर से डॉ खूब चंद बघेल की 126 वी जंयती कुर्मी भवन महामायापारा में मनाई गई। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा थी। अध्यक्षता नगर महिला महिला अध्यक्ष योगिता वर्मा ने की। आयोजन में महिलाओं एवं बच्चो ने अनेक आकर्षक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम समापन के पहले विजेताओं को पुरुस्कार वितरण किया गया। आयोजन मे मुख्य रूप से बीना बंछोर, मुनेश्वरी बघेल, देवकी वर्मा, कमला वर्मा, राधा वर्मा, निर्मला वर्मा, पुष्पा वर्मा, उर्वशी वर्मा, रेखा वर्मा, चित्रलेखा वर्मा, नंदनी वर्मा सहित मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज महिला ईकाई की महिलाएं भारी संख्या में सम्मिलित हुए ।

## 'मन की बात' से जल संरक्षण का संदेश बेमेतरा में जनआंदोलन बनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

■ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीण नीलू राजपूत बोले- भूजल बचाने और वर्षा जल संचयन पर अब ठोस पहल जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 136वें संस्करण में जल संरक्षण को राष्ट्रीय जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री के इस संदेश का स्वागत करते हुए भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रवीण नीलू राजपूत ने कहा कि बेमेतरा जैसे कृषि प्रधान जिले में जल संरक्षण अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का सवाल बन चुका है। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार भूजल स्तर गिर रहा है, वर्षा जल का समुचित संचयन नहीं हो पा रहा है और पारंपरिक जल स्रोतों की उपेक्षा चिंता का विषय है। ऐसे में प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप प्रत्येक गांव और शहर में वर्षा जल संचयन, तालाबों और कुओं के संरक्षण तथा उनके नियमित रखरखाव के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। प्रवीण नीलू राजपूत ने बताया कि बेमेतरा जिले में 91 छोटे बांध हैं, लेकिन इनमें से 40 से अधिक बांध अपनी उपयोगिता खो चुके हैं, जबकि कई बांध अवैध खनन की चपेट में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि इन जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए प्रभावी कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं और किसानों से जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाने की अपील की। साथ ही किसानों से ड्रिप एवं स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे जल की बचत के साथ कृषि उत्पादन भी बढ़ेगा। राजपूत ने कहा कि समय रहते ठोस प्रयास किए गए तो भविष्य में जिले को पेयजल संकट से काफी हद तक राहत मिल सकती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ माह पहले ग्रीष्मकालीन धान की खेती सीमित रहने से गर्मी के दौरान पेयजल संकट अपेक्षाकृत कम देखने को मिला। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से अपने घर, खेत और गांव में जल संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा, जल है तो कल है। हर बूंद बचाना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। आइए, बेमेतरा को जल-सुरक्षित जिला बनाने के लिए जनआंदोलन खड़ा करें।



## मन की बात की 136वें एपिसोड में पीएम ने दिया प्रेरणादायी संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/जामुल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' की 136वें एपिसोड जामुल भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को जामुल के वार्ड 1 स्थित मंगल भवन में युवा मोर्चा के साथियों के साथ श्रवण किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में जनभागीदारी, राष्ट्रनिर्माण, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार एवं सेवा भाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में अमृत सरोवर योजना के तहत हुए सराहनीय कार्यों का उल्लेख करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया। आगामी कार्यक्रम हर-घर-तिरंगा अभियान को जन-जन का उत्सव बनाने का आह्वान किया। विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, जिपं अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर, पूनम शुक्ला, हेमंत देवांगन, महामंत्री ध्रुव देवांगन व ओम प्रकाश साहू आदि मौजूद थे।

### विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक ने बुनियादी दक्षता की जांच की, बच्चों ने सुनाया पहाड़ा

**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला बटंग में बस्तामुक्त शनिवार का आयोजन किया गया, जिसमें प्रार्थना सभा के साथ-साथ दिनभर विविध शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ संपन्न हुईं। विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक गुनेश्वर प्रसाद वर्मा , हाई स्कूल बटंग की प्राचार्य सुनीता श्रीवास्तव एवं ग्राम के जनप्रतिधि साथ ही बटंग के संकुल समन्वयक ब्रह्मानंद नायक, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कृष्णकुमार शर्मा, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पंकज चंद्राकर ने वृक्षारोपण 'एक पेड़ मां के नाम के तहतर किया। अधिकारियों ने कक्षा में जाकर बच्चों की बुनियादी दक्षता की जांच की । 20 तक पहाड़ा और धारा प्रवाह हिंदी पठन पर बच्चों की दक्षता जांच की गई,जिसमे अधिकांश बच्चों ने 20 तक का पहाड़ा सुनाया तथा प्रश्नों के उत्तर दिए जिससे जांचकर्ता अधिकारी वर्मा जी ने ताली बजाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पंच कौशल्या लहरी, पंच कौशल्या लहरी, बीना निषाद, सहायक शिक्षक ब्रजेश तिलकिया, हर्षा बिनायक, मीना चौहान, कल्याणी ठाकुर, भुवनेश्वर शर्मा, मकसूदन निषाद, ओमप्रकाश वर्मा, राजुलाल वर्मा, प्रधान पाठक कृष्ण कुमार शर्मा, सूरज वर्मा एवं प्रियंका ठाकुर भी उपस्थित थे।

पेज 9 का शेष

### संगठन की मजबूती पर ...

आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर ही जनता का विश्वास मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास जनसंघर्ष और जनसेवा का इतिहास रहा है।

उन्होंने बूथ एवं मंडल समितियों को और मजबूत करने पर बल देते हुए कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक बूथ और मंडल स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित करने तथा किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई को और मजबूती से लड़ने का आह्वान किया। पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की एकजुटता को कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत बताया।

### सत्ता-संगठन के मजबूत ...

हर्षिता पांडेय ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की वास्तविक ताकत बताते हुए कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और संगठन के बीच निरंतर संवाद और सामंजस्य से न केवल संगठन मजबूत होगा, बल्कि सरकार की योजनाओं का लाभ भी समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंचेगा।

जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि सत्ता और संगठन का उद्देश्य केवल प्रशासनिक व्यवस्था संचालित करना नहीं, बल्कि जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से समन्वय की भावना के साथ कार्य करते हुए सरकार की उपलब्धियों और भाजपा की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षा व्यवस्था में आया ऐतिहासिक बदलाव : आशीष जैन

**नवागढ़।** भाजपा सोशल मीडिया अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहप्रभारी आशीष जैन ने



कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव किए हैं, जिनका लाभ आने वाली पीढ़ियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा से जुड़ी अनियमितताओं की जानकारी मिलते ही केंद्र सरकार ने तत्काल जांच के निर्देश दिए और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की। सरकार की प्राथमिकता विद्यार्थियों के हितों की रक्षा और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता बनाए रखना है। आशीष जैन ने कहा कि शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर राजनीति से ऊपर उठकर छात्रों के भविष्य को प्राथमिकता देना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि धर्मेंद्र प्रधान आगे भी शिक्षा सुधार, राष्ट्र निर्माण और युवा सशक्तिकरण के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे।

### अमेरिका से कृषि उपजों और डेयरी उत्पादों के आयात का विरोध

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन की बैठक नगपुरा में हुई। बैठक में खेती किसानी की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में किसानों ने अमेरिका से ट्रेड डील का विरोध किया गया। किसानों ने कहा कि अमेरिका से कृषि उपजों और डेयरी उत्पादों के आयात से किसानों के समक्ष गंभीर संकट की स्थिति निर्मित हो आएगी और देश के किसान सस्ते शुल्क मुक्त उत्पादों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकेंगे। किसान संगठन की बैठक में कहा गया कि खाद और डीजल संकट के कारण उत्पादन लागत में प्रति एकड़ 5 हजार रुपए बढ़ गया है। बाजार की बढ़ती मंहगाई के कारण किसान अपने घरों का खर्च पूरी करने में असमर्थ हो गए है। आय का एकमात्र जरिया कृषि है। पिछले 3 साल से कृषि से किसानों की आय स्थिर है। इसे ध्यान में रखते हुए किसान संगठन ने इस खरीफ सीजन में धान की खरीद 3500 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से करने और भाव में हर साल 8 फीसदी की वृद्धि करने की मांग की। किसान संगठन की नगपुरा बैठक में धमधा ब्लाक के लिटिया में निर्मित 220/132 केवी से औद्योगिक प्रयोजन से बिजली आपूर्ति करने का विरोध किया गया और इस स्टेशन से कृषि और ग्रामीण आवासीय प्रयोजन से बिजली आपूर्ति करने की मांग की गई है। बैठक में बुधदेव पटेल, दिलेश देवांगन, खेमचंद साहू, पंचराम साहू, गंगाराम पटेल, सहज कुमार सोनवानी, भारतलाल पटेल, समारू देशलहरा, कुलेश्वर देशमुख, केशव देशमुख, गजेंद्र साहू, दीपेश यादव, श्रीराम साहू, बसंत साहू, देवशरण साहू, होरी लाल साहू आदि उपस्थित थे।

### गेल इंडिया ने नहीं दिया फसल मुआवजा, शिकायत

**दुर्ग।** ननकट्ठी, बोड़ेगांव सहित आसपास के दर्जनों गांवो में गेलइंडिया द्वारा गैस पाइप लाइन बिछाने का काम किया गया है। पिछले साल पाइप लाइन बिछाने के बाद उसी स्थिति में खेतों को छोड़ दिया गया था। उन खेतों को किसान अपने पैसे से खेती के लायक बनाए हैं, जिसकी राशि गेलइंडिया से किसानों को आज तक नहीं दिया गया है। कुछ किसानों को एनओसी में झूठ बोलकर हस्ताक्षर करवाया गया। इस समय कहा गया कि आपको मुआवजा दिया जा चुका का है, जबकि किसानों को खेत समतलीयकरण का पैसा दिया ही नहीं गया है।

## निधन

### राकेश चौबे

**नवागढ़।** नवागढ़ निवासी राकेश चौबे 60 का रविवार को निधन हो गया। अंतिम संस्कार सोमवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें सामाजिक एवं गणमान्य लोग शामिल हुए, वे संतोष चौबे, पंकज चौबे के पिता थे।

## जनदर्शन बना राहत का माध्यम, कई आवेदनों का हुआ तत्काल समाधान

# जनदर्शन में मिले 36 आवेदन, कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टोरेट परिसर में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों और गांवों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं के समक्ष रखीं। कलेक्टर ने आमजन से सीधे संवाद कर प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से अवलोकन किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, खाद्य, विद्युत, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से जुड़े प्रकरण शामिल रहे। कई मामलों में कलेक्टर ने अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक जानकारी ली, जबकि कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को तत्काल उपस्थित होकर समाधान की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सरल एवं तात्कालिक प्रकृति के कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, वृद्धावस्था एवं निराश्रित पेंशन, दिव्यांगजन सहायता, भूमि विवाद, सीमांकन, नामांतरण, कटे हुए रकबे को जोड़ने, आम रास्ता खुलवाने, खाद गड्ढा हटाने, पेयजल, विद्युत तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिन मामलों में विस्तृत जांच अथवा विभागीय प्रक्रिया आवश्यक थी, उन्हें समय-सीमा (टीएल) में दर्ज कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि जनदर्शन प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम है, जिसका उद्देश्य लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना तथा शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। साथ ही उन्होंने सभी विभागों को जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का नियमित अनुश्रवण कर निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## डाइट का डीएलएड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**बेमेतरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा का डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा-2026 का परिणाम उत्कृष्ट रहा है। दोनों कक्षाओं में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का गौरव बढ़ाया है। प्रथम वर्ष में 97 परीक्षार्थियों में से 92 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि पांच विद्यार्थियों को पूरक प्राप्त हुआ।

वहीं द्वितीय वर्ष में 96 परीक्षार्थियों में से 95 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की, जबकि केवल एक विद्यार्थी को प्रायोगिक विषय में पूरक मिला। डीएलएड प्रथम वर्ष की परीक्षा में अंजली चौहान ने 78.90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। भावना सोनी ने 78.70 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय वर्ष में निधि देवांगन ने लगातार दूसरे वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 85.35 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। चंद्रकला साहू ने 85.10 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान पर जगह बनाई। डाइट के प्राचार्य जे.के. घृतलहरे, उप प्राचार्य डॉ. कमल कपूर बंजारे तथा सेवा पूर्व प्रशिक्षण प्रभाग के प्रभारी एवं व्याख्याता अनिल कुमार सोनी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम इस उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि छात्रों की सफलता से उनके अभिभावकों के साथ-साथ पूरा संस्थान भी गौरवान्वित है। प्राचार्य श्री घृतलहरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डाइट केवल डीएलएड की उपाधि प्रदान करने वाला संस्थान नहीं, बल्कि आदर्श शिक्षक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करने का केंद्र भी है। उन्होंने कहा कि जीवन में डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, प्रबंधक या कलेक्टर बनने की बात तो सभी करते हैं, लेकिन एक अच्छा नागरिक बनने का संकल्प भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

डाइट विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों का भी विकास करता है। उन्होंने बताया कि संस्थान की परंपरा के अनुसार दोनों कक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राध्यापकों को नगद पुरस्कार, प्रतीक चिन्ह तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। संस्थान के सभी अकादमिक एवं कार्यालयीन अधिकारियों-कर्मचारियों ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल शिक्षक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# समर्थ गुरु एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में न्यू गुरुकुल स्कूल के मेधावियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ शिक्षकों के प्रशिक्षण में नवाचार आधारित शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर दिया गया जोर



छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में बेमेतरा स्थित एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में आयोजित समर्थ गुरु एवं प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 में न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों और शिक्षिका को सम्मानित किया गया। समारोह में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं गोल्ड मेडल प्रदान किए गए, वहीं विद्यालय की शिक्षिका दीपांजलि मुर्मू को श्रेष्ठ शिक्षिका सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित हुआ। प्रथम चरण में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण सत्र रखा गया, जिसमें देश के ख्यातिप्राप्त शिक्षाविद् डॉ. अशोक ठाकुर, आशुतोष त्रिपाठी, सैयद फाजिल, गिरीश कुमार एवं डॉ. अवधेश पटेल ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली, नवाचार आधारित शिक्षण और विद्यार्थियों के बौद्धिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने कहा कि बदलते समय के अनुरूप शिक्षकों को अपनी कार्यशैली में परिवर्तन लाकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी निभानी होगी।

दूसरे चरण में छत्तीसगढ़ बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। मोटिवेशनल स्पीकरों ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल अंकों की दौड़ नहीं, बल्कि बच्चों का सीखना और व्यक्तित्व विकास अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने पालकों से बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाने की अपील भी की। समारोह में न्यू गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल की कक्षा 12वीं की वैष्णवी बिसेन , जपजीत कौर खुराना, मयंक साहू एवं साक्षी साहू तथा कक्षा 10वीं की श्रेया साहू , तमन्ना साहू एवं कामिनी साहू को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रशस्ति पत्र एवं गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की शिक्षिका दीपांजलि मुर्मू को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा, समर्पण एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रेष्ठ शिक्षिका सम्मान प्रदान किया गया।

## पूर्व छात्र सम्मेलन में विद्यालय के विकास का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ यहीं मिले जीवन के संस्कार, विकास में देंगे योगदान : पूर्व छात्र

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नवागढ़ में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन भावनाओं, संस्कारों और आत्मीय मिलन का साक्षी बना।

वर्षों बाद अपने गुरुओं और सहपाठियों से मिले पूर्व छात्र भावुक हो उठे तथा विद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अधोसंरचनात्मक विकास में हरसंभव सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रार्थना, एकात्मता स्तोत्र और प्रेरक गीतों के माध्यम से विद्या भारती की शिक्षा पद्धति एवं विद्यालय की संस्कारयुक्त परंपरा से पूर्व छात्रों को अवगत कराया गया। मुख्य अतिथि राधाकृष्ण बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रामधुन रजक ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण की पाठशाला है। समिति के सह सचिव हरप्रीत सिंह खुराना ने पूर्व छात्रों को विद्यालय की अमूल्य धरोहर बताया। कृषि अधिकारी अखिलेश दुबे, शिक्षक विवेक हरिहरणों, पूर्व सेनापति अश्वनी सिंह ठाकुर एवं आशुतोष दुबे सहित कई पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों के मार्गदर्शन और विद्यालय के विकास में सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य बाबूलाल साहू, प्रधानाचार्य संतोष देवांगन, समिति पदाधिकारी, आचार्य एवं बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

## बीजागोड़ में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन, नव नियुक्त पदाधिकारियों को मिला नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा





साजा विधानसभा के ग्राम बीजागोड़ में बोरतरा मंडल कांग्रेस कमेटी द्वारा बैठक, नियुक्ति पत्र एवं परिचय पत्र वितरण समारोह तथा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और आगामी संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह-सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह-प्रभारी विजय जांगिड़, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व संसदीय सचिव गुरुदयाल बंजारे तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष आशीष छाबड़ा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने संगठन की मजबूती, जनहित के मुद्दों पर सक्रियता और बूथ स्तर तक कांग्रेस को सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस दौरान नव-नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र एवं परिचय पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सर्व ईश्वर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, मंडल अध्यक्ष किलुश यदु, किसान कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया साहू, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंजोर यदु सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार के जिला स्तरीय प्रशिक्षण में बाल संस्कार शालाओं के विस्तार का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़



बदलते सामाजिक परिवेश में बच्चों को भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने की दिशा में गायत्री परिवार ने एक नई पहल को गति दी।

■ 55 प्रशिक्षणार्थियों ने लिया गांव-गांव संस्कारशाला संचालित करने का संकल्प, 17 आचार्यों का हुआ सम्मान

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के मार्गदर्शन तथा गायत्री परिवार शाखा बेमेतरा के तत्वावधान में योगी दीप केसला (नवागढ़) में जिला स्तरीय बाल संस्कारशाला आचार्य प्रशिक्षण उत्साह और नवसंकल्प के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शांतिकुंज के प्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गायत्री मंत्र के साथ किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में प्रतिनिधि रोमा साहू ने कहा कि कक्षा 5वीं से 8वीं तक की आयु बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है।

यदि इस उम्र में संस्कारों के बीज बोए जाएं तो वही बच्चे भविष्य में आदर्श नागरिक बनते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिवार, समाज और शिक्षा व्यवस्था के सामने संस्कारों की चुनौती है, ऐसे में बाल संस्कारशालाएं समाज निर्माण की प्रभावी कड़ी बन रही हैं। बाल संस्कारशाला संचालन पर प्रशिक्षण देते हुए मनोरमा कोरी ने बताया कि प्रत्येक गांव में प्रत्येक रविवार दो घंटे का संस्कार वर्ग आसानी से संचालित किया जा सकता है। उन्होंने खेल, गीत, प्रेरक कहानियों, महापुरुषों की जीवन गाथाओं, योग, ध्यान, जप, प्रार्थना और जीवन प्रबंधन जैसे विषयों को रोचक तरीके से बच्चों तक पहुंचाने की व्यवहारिक विधियां सिखाईं। प्रशिक्षण में जिलेभर से पहुंचे 55 प्रशिक्षणार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की और अपने-अपने गांवों में नियमित बाल संस्कारशालाएं संचालित करने का संकल्प लिया। समापन अवसर पर पिछले वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 बाल संस्कारशाला आचार्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. खोमराम साहू, कुलदीप वर्मा, रामदिल निषाद, बलराम साहू, गेंदु निषाद, विष्णु साहू, बिसहत राम, सुरेंद्र साहू, संतोष साहू, अंगद निषाद, बुधेलाल, हेम कुमार, रोहित साहू एवं भानुमति देवांगन सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने राष्ट्रसेवा की शपथ लेकर शहीदों को किया नमन

# कारगिल के वीरों को दी श्रद्धांजलि, विद्यार्थियों ने ली राष्ट्रसेवा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, साजा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के अमर शहीदों के अद्वितीय साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, अनुशासन एवं सेवा भावना का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यार्थियों के लिए भाषण, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपने विचारों और कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से कारगिल के वीर सैनिकों के शौर्य, राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रसेवा की शपथ दिलाई गई। सभी ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने तथा समाज और राष्ट्रहित में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गोविंद प्रसाद ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, अटूट संकल्प और सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि कारगिल के वीर जवानों ने अपने पराक्रम और अनुशासन से सिद्ध किया कि राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है। उनका जीवन प्रत्येक युवा के लिए देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा है। उन्होंने विद्यार्थियों से सैनिकों के आदर्शों को अपनाते हुए अनुशासन, ईमानदारी और सेवा भावना के साथ देश के विकास एवं सामाजिक उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. ओम कुमार नेताम, डॉ. ज्योति बाला, डॉ. सुप्रिया ठाकुर एवं डॉ. सृष्टि सिंह परिहार सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कारगिल के अमर शहीदों के त्याग, शौर्य और राष्ट्रभक्ति को सदैव स्मरण रखने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संदेश दिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411